# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 182..../2021

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 25.10.2021 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि संशोधन करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन भरे गये सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट inter22.biharboardonline.com पर दिनांक 25.10.2021 तक त्रुटि सुधार हेतु अपलोड रहेगा।**

2. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट **inter22.biharboardonline.com** पर अपलोड किया गया है। +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने शिक्षण संस्थान के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में परिलक्षित त्रुटि, यदि कोई हो, को निर्धारित अवधि तक सुधार कराने हेतु छात्रों को निदेशित करेंगे।

3. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है।

4. समिति के उक्त वेबसाइट पर जारी Dummy Admit Card शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **+2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–**

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **inter22.biharboardonline.com पर** Click **कर** Login **करेंगे। इसके उपरांत** Dummy Admit Card Option **पर** Click **करेंगे। तत्पश्चात संकायवार** अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरणों का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, कोटि, लिंग, विषय, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 25.10.2021 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऑनलाइन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान के प्रधान तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी।

6. कतिपय शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले कई छात्र/छात्रा का सूचीकरण अथवा परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में बकाया शुल्क **दिनांक 04.10.2021** तक जमा नहीं किया गया है, उसकी सूची समिति के **वेबसाइट inter22.biharboardonline.com** पर अपलोड है।

7. वैसे शिक्षण संस्थान के प्रधान जिनके द्वारा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले जिन छात्र/छात्रा का ऑनलाइन सूचीकरण/परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में बकाया शुल्क जमा नहीं किया गया है, उन्हें शुल्क जमा करने हेतु **दिनांक 25.10.2021** तक अवसर प्रदान किया जाता है। इसके लिए समिति का पोर्टल खुला रहेगा। उक्त तिथि तक जिन छात्र/छात्रा का शुल्क जमा नहीं रहेगा, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। इस कारण से यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही उन शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

8. शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग-इन कर कितने परीक्षार्थियों का कितना राशि जमा नहीं किया गया है, समिति के वेबसाइट **inter22.biharboardonline.com** पर देख सकते हैं।

9. विदित हो कि सरकार के द्वारा कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन एवं सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई का विस्तृत निदेश निर्गत है। इस परिदृश्य में वर्णित कार्य के निर्वहन के लिए +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों में पर्याप्त दूरी पर अलग-अलग काउन्टर लगाकर छात्र/छात्राओं को डाउनलोडेड Dummy Admit Card हस्तगत कराया जायेगा एवं इसमें परिलक्षित त्रुटियों को सुधार हेतु समर्पित अनुरोध प्राप्त कर ऑनलाइन सुधार किया जायेगा। सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि इस कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी एवं सभी छात्र/छात्रा द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर सोशल डिस्टेन्सिंग का कठोरतापूर्वक पालन किया जा रहा है।

10. Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमे त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0-0612-2230039 एवं 2235161 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

ह0 11.10.21

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/KEN/---1034---/2021 पटना, दिनांक : ..11../..10..../2021

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मे0 केल्ट्रॉन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि वर्णित आलोक में सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
4. शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद्, बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं उक्त के आलोक में आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. उप निदेशक, आई0टी0 (उ०मा०)/सिस्टम एनालिस्ट को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक व्यवस्था करते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति न हो। यह भी अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु समिति के BSEB Mobile App पर डाल दिया जाए।
6. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक (मा०) तथा निदेशक, आई0टी0 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 11.10.21

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

Newspaper C1_21_2